दिन–बुधवार दिनांक– 06 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल का विस्तार कल होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि पटना के गांधी मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जे.पी. नड्‌डा समेत मंत्रिमंडल के कई सदस्य, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार और एनडीए के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के पन्द्रह और जदयू के चौदह विधायकों के मंत्री पद की शपथ लेने की सम्भावना है। वहीं, लोजपा, रामविलास से दो तथा हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक–एक मंत्री बनाये जाने की सम्भावना है।

———————————————————

राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर आज जदयू की एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के पटना आवास हुई। बैठक में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार में जदयू कोटे से शामिल होने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप दिया गया।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में राज्यमंत्रिमंडल की आज शाम पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। कैबिनेट विस्तार से पहले हो रही इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगने की संभावना है।

———————————————————

आइआरसीटीसी घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आज फैसला टल गया है। अदालत अब बाईस मई को फैसला सुनायेगी। न्यायालय ने पहले ही आरोप तय करने की प्रक्रिया पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई अन्य आरोपी हैं।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई की टीम सुपौल निबंधन कार्यालय में पदस्थापित अवर निबंधक अमरेंद्र कुमार के कार्यालय और आवास में छापेमारी कर रही है। साथ ही उनके पटना और छपरा स्थित आवासों पर भी छापेमारी की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में यह कार्रवाई की जा रही है। अवर निबंधक पर आय से पैंसठ फीसदी अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज मूसलाधार बारिश हुई है। कई जगहों पर ओलावृष्टि भी हुयी है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि वैशाली, सारण, सीवान, नालंदा, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज समेत कई जिलों में आंधी–बारिश के कारण फसलों को काफी नुकसान हुआ है। आंधी के चलते कई जगहों पर पेड़–पौधे और बिजली के खंभे उखड़ गए। इससे आवागमन और विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज राज्य के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———————————————————————

राज्य के पांच खिलाड़ियों सुधांशु शेखर, दिलीप कुमार, सारांश कुमार, सोनी कुमारी और साक्षी कुमारी का चयन भारतीय योगासन टीम में हुआ है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण ने बताया कि चयनित खिलाड़ी चार से आठ जून तक अहमदाबाद में होने वाली पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप में भाग लेंगे।

———————————————————————

सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यायबस्ती लोहा टोला के पास सड़क हादसे में पिकअप वैन पर सवार दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार पिकअप वैन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से यह हादसा हुआ।

———————————————————————

नवादा जिले के रजौली टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क किनारे खड़ी हाईवा से एक तेज रफ्तार कार के टकरा जाने के चलते यह हादसा हुआ।

———————————————————————

अररिया जिले के जोगबनी समेकित चेकपोस्ट के पास से गिरफ्तार किये गए एक चीनी नागरिक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। उसे पिछले दिनों बिना वैध दस्तावेज के भारत में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार किया गया था।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।